# AWARDS

## 2022-23






कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान

राष्ट्रीय सेवा योजना

राज्य स्तरीय पुरस्कार 2020-21

कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान के अन्तर्गत संचालित राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में सत्र 2020-21 हेतु संस्था के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर को राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय पुरस्कार 2020-21 प्रदान किया जाता है।

हम आशा करते है कि संस्था द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत भविष्य में भी नए प्रतिमान स्थापित किए जाएँगे।






राजस्थान सरकार

# कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान

## राष्ट्रीय सेवा योजना
## राज्य स्तरीय पुरस्कार 2020-21

कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान के अन्तर्गत संचालित राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों में राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में सत्र 2020-21 हेतु कार्यक्रम अधिकारी के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में डॉ. सरोज रामेश्वरी देवी राजकीय कन्या महाविद्यालय, भरतपुर को राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय पुरस्कार 2020-21 प्रदान किया जाता है।

हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए यह आशा करते है कि आपके द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में भविष्य में भी नए प्रतिमान स्थापित किए जाएंगे।

सुनील शर्मा
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा राजस्थान
जयपुर

डॉ. सुरेन्द्र सिंह
राज्य समन्वयक, कॉलेज शिक्षा राजस्थान
जयपुर





भारत सरकार /Government of In

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद /Mahatma Gandhi onal Council of Rural Education

उच्चशिक्षाविभाग/Department of Highe ucation

शिक्षामंत्रालय / Ministry of Education

सत्यमेव जयते

## District Green Champion Certificate

This is to certify that R.D.GIRLS COLLEGE, BHARATPUR (RAJASTHAN) is hereby recognized as **District Green Champion** for **Bharatpur** District, Rajasthan for the Academic Year 2021-22. The institution has successfully elevated the Swachhta Action Plan, adopted and implemented best practices in the areas of Sanitation, Hygiene, Waste Management, Water Management, Energy Management and Greenery Management.

**Dr W G Prasanna Kumar**
**Chairman, MGNCRE**
**Ministry of Education, Government of India**

तारीख / Date : 12.03.2022
ज्ञापनसंख्या/ Memo no: MGNCRE/SAP22/205


February 24, 2023
RAJASTHAN STATE AIDS CONTR
and
D RIBBON CLUB
Moha ia University U



NACO RSACS

# राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी

निदेशालय, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान, जयपुर

एवं

# मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर

## प्रशस्ति-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि ~~श्री/सुश्री~~/श्रीमती डॉ. सरोज

रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर

ने रेड रिबन क्लब कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष पर्यन्त (2021-22) एचआईवी / एड्स जागरूकता एवं स्वैच्छिक रक्तदान के क्षेत्र में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाकर राष्ट्र एवं समाज हित में उत्कृष्ठ कार्य किया है तथा अपनी समर्पित सेवाएं संस्थान को प्रदान कर रहे हैं। यह कार्य आपकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता हैं, अतएव हम आपको सम्मानित करते हुए गौरव का अनुभव कर रहे हैं। अतः हमारी शुभकामना है कि आपका सहयोग अनवरत संस्थान को मिलता रहेगा तथा आप निरंतर प्रगति पथ पर समाज व राष्ट्र सेवा में निरन्तर आगे बढ़ते रहें।

दिनांक : 24 फरवरी 2023

| डॉ. पी. एस. राजपूत | श्रीमती गरिमा भाटी | डॉ. प्रदीप चौधरी |
|---|---|---|
| रेड रिबन क्लब प्रभारी | सहायक निदेशक (यूथ अफेयर्स) | अति. परियोजना निदेशक |
| मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर | राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, जयपुर | राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी, जयपुर |

वर्ष 1, अंक 232 पृष्ठ : 8 मूल्य 3 रुपए

# रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय को मिला डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैम्पियन अवार्ड

गर्वित हिन्दुस्तान



भरतपुर। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय, भरतपुर को भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद द्वारा 2020-21 के लिए डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैम्पियन अवार्ड के लिये चुना गया है। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने आज 01 अगस्त को महाविद्यालय को यह पुरस्कार प्रदान किया। परिषद केन्द्र सरकार के स्वच्छता अभियान के प्रति शिक्षण संस्थाओं को जागरूक व प्रेरित करने के क्रम में उनके द्वारा स्वयं के परिसर एवं उनके द्वारा गोद लिए गए गावों में किए गए कार्यों हेतु उन्हें डिस्ट्रिक ग्रीन चैम्पियन का अवार्ड देती है। पुरस्कार भारत सरकार की स्वच्छता कार्य योजना के अन्तर्गत महाविद्यालय द्वारा स्वच्छता, कचरा प्रबन्धन, ऊर्जा प्रबन्धन एवं हरित प्रबन्धन के लिये अपनाये जा रहे विशिष्ट प्रयासों के लिए दिया गया है। इस पुरस्कार को महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डा. धीरेन्द्र देवर्षि, डा. सीताराम लहरी तथा इको क्लब समिति सदस्यों डा. अन्जु पाठक, डा. कृति शर्मा, श्री जगदीश कुमार तथा डा. नटवर सिंह ने प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे हरे कचरे से कम्पोस्ट बनाने के प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी पर्यावरण हित में कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया।

# आरडी गर्ल्स कॉलेज को मिला डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैम्पियन अवार्ड

भरतपुर | रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद से वर्ष 2020-21 के लिए डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैंपियन अवार्ड मिला है। जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने सोमवार को यह पुरस्कार प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि परिषद केंद्र सरकार के स्वच्छता अभियान के प्रति शिक्षण संस्थाओं को जागरूक और प्रेरित करने के लिए उनके द्वारा स्वयं के परिसर एवं उनके द्वारा गोद लिए गए गावों में किए गए कार्यों हेतु उन्हें डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैम्पियन का अवार्ड देती है। प्राचार्य डा. धीरेंद्र देवर्षि, डा. सीताराम लहरी, इको क्लब समिति सदस्यों डा. अंजू पाठक, डा. कृति शर्मा, जगदीश कुमार और डा. नटवर सिंह मौजूद थे।

# आरडी गर्ल्स महाविद्यालय को मिला डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैम्पियन अवार्ड



**भरतपुर.** महाविद्यालय स्टाफ को पुरस्कार देते हुए जिला कलक्टर।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**भरतपुर.** भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण शिक्षा परिषद की ओर से 2020-21 के लिए डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैम्पियन अवार्ड के लिए रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय को चुना गया है। इस पर जिला कलक्टर आलोक रंजन ने महाविद्यालय को यह पुरस्कार प्रदान किया। यह परिषद केन्द्र सरकार के स्वच्छता अभियान के प्रति शिक्षण संस्थाओं को जागरूक व प्रेरित करने के क्रम में उनकी ओर से स्वयं के परिसर एवं उनकी ओर से गोद लिए गए गांवों में किए गए कार्यों के लिए उन्हें डिस्ट्रिक्ट ग्रीन चैम्पियन का अवार्ड देती है। यह पुरस्कार भारत सरकार की स्वच्छता कार्य योजना के तहत महाविद्यालय की ओर से स्वच्छता, कचरा प्रबन्धन, ऊर्जा प्रबंधन एवं हरित प्रबन्धन के लिए अपनाये जा रहे विशिष्ट प्रयासों के लिए दिया गया है। इस पुरस्कार को महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. धीरेन्द्र देवर्षि, डॉ. सीताराम लहरी तथा इको क्लब समिति सदस्यों डॉ. अंजु पाठक, डॉ. कृति शर्मा, जगदीश कुमार तथा डॉ. नटवर सिंह ने प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला कलक्टर ने महाविद्यालय की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की तथा महाविद्यालय की ओर से किए जा रहे हरे कचरे से कम्पोस्ट बनाने के प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी पर्यावरण हित में कार्य करते रहने हेतु प्रेरित किया।

# डॉ. सरोज को किया राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित



गर्वित हिन्दुस्तान

भरतपुर। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय की रेड़ रिबन क्लब प्रभारी डॉ. सरोज को राज्य स्तरीय पुरस्कार सें सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के अकादमिक प्रभारी डॉ. रमेश चन्द्र वर्मा नें बताया कि राजस्थान स्टेट कंट्रोल सोसायटी, जयपुर एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 मेंरैड़ रिबनक्लब के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए ''गोल्डन जूबली गेस्ट हाउस, मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में यह अवार्ड दिया गया। महाविद्यालय में भी डॉ. सरोज को सम्मानित किया गया जिसमें डॉ. निशा गोयल, डॉ. मीनू अरविन्द अग्रवाल, डॉ. रजनी वशिष्ठ, डॉ. अलका गोयल, डॉ. कविता आचार्य, डॉ. शशि प्रभा, सुमनगोयल, दीप्ति अग्रवाल, डॉ. नटवर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सेवा योजना का पुरस्कार दिया

भरतपुर (निस)। सत्र 2020-21 के राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय पुरस्कार रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय व महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरोज को उच्च शिक्षा एवं गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र यादव द्वारा दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य मधु शर्मा ने बताया कि कॉलेज शिक्षा राजस्थान उच्च षिक्षा विभाग जयपुर की ओर से सत्र 2020-21 के राष्ट्रीय सेवा योजना के अवार्ड की घोषणा की गई जिसमें एनएसएस में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के उपलक्ष्य में रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय का व कार्यक्रम अधिकारी के रूप में डॉ. सरोज का चयन हुआ। ये पुरस्कार प्रति वर्ष तीन स्तरों पर दिए जाते हैं जिनमें राजस्थान के 4 सरकारी व निजी महाविद्यालयों को 6 कार्यक्रम अधिकारियों को व 10 स्वयंसेवकों को वर्ष पर्यन्त राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में प्रदान किए जाते हैं।

# डॉक्टर सरोज आर्य को किया राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित




**चमकता राजस्थान**

---

**ब्यूरो चीफ दीपचंद शर्मा भरतपुर,** डॉ सरोज आर्य एसोसिएट प्रोफेसर रामेश्वरी देवी कन्या राजकीय महाविद्यालय भरतपुर के द्वारा रेड रिबन क्लब कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष पर्यंत 2021 - 2022 , कोरोना आदि के क्षेत्र में विभित्र गतिविधियां आयोजित कर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाकर संपूर्ण समाज राष्ट्र एवं संस्थान को उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसाइटी जयपुर एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर द्वारा राज्य स्तरीय पुरस्कार, शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है।

महत्वपूर्ण खबरें

# डॉ. सरोज को किया राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित



**भरतपुर.** डॉ. सरोज का सम्मान करते हुए।

**भरतपुर.** रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. सरोज को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के अकादमिक प्रभारी डॉ. रमेश चन्द्र वर्मा ने बताया कि राजस्थान स्टेट कंट्रोल सोसायटी, जयपुर एवं मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर की ओर से वित्तीय वर्ष 2021-22 में रेड रिबन क्लब के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए द्यगोल्डन जूबली गेस्ट हाउसद्य, मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में यह अवार्ड दिया गया। महाविद्यालय में भी डॉ. सरोज को सम्मानित किया गया जिसमें डॉ. निशा गोयल, डॉ. मीनू अरविन्द अग्रवाल, डॉ. रजनी वशिष्ठ, डॉ. अलका गोयल, डॉ. कविता आचार्य, डॉ. शशि प्रभा, सुमन गोयल, दीप्ति अग्रवाल, डॉ. नटवर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# डॉ.सरोज राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित



**भरतपुर.** डॉ. सरोज को अवार्ड प्रदान करते राज्यमंत्री।

भरतपुर. कॉलेज शिक्षा राजस्थान उच्च शिक्षा विभाग जयपुर की ओर से सत्र 2020-21 के राष्ट्रीय सेवा योजना के अवार्ड की घोषणा की गई। जिसमें भरतपुर की डॉ. सरोज का चयन किया गया। इस अवसर पर जयपुर के एक कॉलेज में उच्च शिक्षा एवं गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र यादव ने डॉ. सरोज को अवार्ड प्रदान किया।

रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय भरतपुर की प्राचार्य मधु शर्मा ने बताया एनएसएस में सर्वश्रेष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय का एवं कार्यक्रम अधिकारी के रूप में महाविद्यालय की डॉ. सरोज का चयन किया गया। उन्होंने बताया ये पुरस्कार प्रतिवर्ष तीन स्तरों पर दिए जाते हैं जिनमें राजस्थान के 04 सरकारी व निजी महाविद्यालय को, 06 कार्यक्रम अधिकारी को व 10 स्वयंसेवकों को वर्ष पर्यन्त राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य करने के उपलक्ष्य में प्रदान किए जाते हैं।

# रेड रिबन प्रभारी डॉ. सरोज को किया राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित




भरतपुर। रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय की रेड़ रिबन क्लब प्रभारी डॉ. सरोज को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। डॉ. रमेश चन्द्र वर्मा ने बताया कि राजस्थान स्टेट कंट्रोल सोसायटी जयपुर एवं मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में रेड़ रिबन क्लब के अन्तर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए ''गोल्डन जुबली गेस्ट हाउस' मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय उदयपुर में आयोजित सम्मान समारोह में यह अवार्ड दिया गया। महाविद्यालय में भी डॉ. सरोज को सम्मानित किया गया। जिसमें डॉ. निशा गोयल, डॉ. मीनू अरविन्द अग्रवाल, डॉ. रजनी वशिष्ठ, डॉ. अलका गोयल, डॉ. कविता आचार्य, डॉ. शशि प्रभा, श्रीमती सुमन गोयल, श्रीमती दीप्ति अग्रवाल, डॉ. नटवर सिंह आदि उपस्थित रहे।

ब्रीफ

## आरडी गर्ल्स कॉलेज और डॉ.सरोज को एनएस के राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया



**भरतपुर।** सत्र 2020-21 के राष्ट्रीय सेवा योजना का राज्य स्तरीय पुरस्कार रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय व महाविद्यालय की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सरोज को उच्च शिक्षा एवं गृह राज्य मंत्री राजेन्द्र यादव द्वारा दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य मधु शर्मा ने बताया कि कॉलेज शिक्षा राजस्थान उच्च शिक्षा विभाग जयपुर की ओर से सत्र 2020-21 के राष्ट्रीय सेवा योजना के अवार्ड की घोषणा की गई। जिसमें एनएसएस में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने के उपलक्ष्य में रामेश्वरी देवी कन्या महाविद्यालय व कार्यक्रम अधिकारी के रूप में डॉ. सरोज का चयन हुआ। ये पुरस्कार प्रतिवर्ष ती स्तरों पर दिए जाते हैं जिनमें राजस्थान के सरकारी व निजी महाविद्यालयों को, 06 का धिकारियों को व 10 स्वयंसेवकों को रा सेवा योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट यों प्रदान किए जाते हैं।